## सार-समाचार

### हिंदी दिवस सप्ताह आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। श्री ऋषिकुल विद्यापीठ में हिंदी दिवस सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। विद्यापीठ में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के पूर्व उपनिदेशक रामनिवास शर्मा, मोदी शिक्षण संस्थान की सहायक प्रोफेसर डॉ. मीना शर्मा, राजकीय महाविद्यालय की सहायक आचार्य सुधा जाजोदिया तथा विद्यालय प्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा बतौर अतिथि मंचासीन रहे। हिंदी दिवस सप्ताह के विद्यापीठ में कविता, भाषण, अंताक्षरी, कहानी, वाद-विवाद, निबंध लेखन व चित्रकला की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम वर्ग से परिधि शर्मा विजेता व खुशी सैनी उपविजेता रहीं। द्वितीय वर्ग से इशिता विजेता व शैलजा उपविजेता बनीं, जबकि तृतीय वर्ग बी.एड से वरधा विजेता एवं चंचल उपविजेता रही। चित्रकला प्रतियोगिता में गुनगुन सोनी ने प्रथम, दीक्षित शर्मा ने द्वितीय और अनुष्का कुमावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र, प्रतिक चिह्न व नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा हंसा कुमावत ने गीत प्रस्तुत किया। संचालन व्याख्याता मुकेश पारीक ने किया।

### सेवा पखवाड़ा कार्यशाला आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी लक्ष्मणगढ विधानसभा के खुडी मंडल में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया। मंडल महामंत्री रतनलाल कुमावत ने बताया कि कार्यशाला में भाजपा विधानसभा प्रभारी प्रभु सिंह, जिला संयोजक रामावतार रूंथला, मंडल अध्यक्ष प्रवीण स्वामी, शिवबक्स बगडिया, प्रहलाद सिंह खुड़ी, भाजपा नेता मास्टर हरलाल धायल आदि ने संबोधित करते हुए सेवा पखवाड़ा अभियान में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत पौधारोपण, गांव में साफ-सफाई, श्मशान भूमि, सार्वजनिक जगहों आदि को पौधारोपण व साफ सफाई हेतु चिन्हित किया। प्रत्येक मंडल स्तर पर ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रक्त दान करने हेतु प्रेरित किया। कार्यशाला का संचालन पूर्व सरपंच नरेश मंडिवाल ने किया। इस मौके पर किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रामकरण शिवरान, पूर्व महामंत्री गणेशाराम ख्यालिया नरोदड़ा, हणमान यालसर, सुखदेवाराम जांगिड़, गोवर्धन सिंह बगडी, भवरलाल थालौड बगड़ी, विजयपाल भूरिया, मुकेश कुमावत, ताराचन्द रोलन घस्सू, डॉ.पुरुषोतम खातीपुरा, गजेन्द्र सिंह खुडी, अजय कुमार एवं सैकडों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आगाज

**रतनगढ़** (निसं)। केपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल रतनगढ़ में 14 सितंबर से 17 सितंबर तक 69वीं लॉन टेनिस जिला स्तरीय 17 वर्षीय व 19 वर्षीय छात्र-छात्रा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसीबीओ उमेश जाखड़, शिवशंकर शर्मा ने किया।इस अवसर पर मनोज जोशी, डॉ. हीरालाल, संजय कटारिया, भींवाराम प्रजापत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। संस्थान निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गोदारा ने बताया कि यह चार दिवसीय प्रतियोगिता जिले के लॉन टेनिस खिलाड़ियों के लिए आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक प्रीतम सिंह, ऋषिपाल, शरूपचंद, विनोद कुमार, पुरुषोत्तम शर्मा, नरेश कुमार दाधीच व कुसुम लता अपनी भूमिका निभा रहे हैं।प्रबंध निदेशक विजय गोदारा, प्रधानाचार्य रेवंतराम, परिसर प्रशासन नरेश शर्मा, रामनिवास घायल, सुनील शर्मा, रामदेव, राजकुमार धेतरवाल सहित समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।उद्घाटन अवसर पर उमेश ने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना है ताकि वे आपसी सहयोग और सम्मान की भावना को विकसित कर सकें। खेल से बच्चों का न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक विकास भी संभव है।

### हम्मी पूजा आशा प्रतियोगिता के विजेता रहे

**सीकर** (निसं)। स्वदेशी जागरण महिला मंच के द्वारा स्वदेशी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गणेश चतुर्थी पर मिट्टी के गणेश की प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें जिले से बहुत सारे बच्चों और महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। जिसके विजेताओं को आज नगद राशि और पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया स्वदेशी जागरण महिला की मीनू बिजारणियां ने बताया कि इसका उद्देश्य स्वदेशी को बढ़ावा देना है जिससे आने वाली पीढ़ी स्वदेशी के बारे में जागरूक हो उन्हें अपने देश की मिट्टी से जुड़ाव हो। प्रतियोगिता में विजेता रहे हम्मी चौधरी पूजा कुमावत आशा शर्मा ने कहा कि समय समय पर भारतीय त्योहारों पर ऐसी प्रतियोगिताएं एक अलग उत्साह बनाती है स्वदेशी जागरण मंच का आभार व्यक्त किया गया । इस अवसर पर समाजसेवी गीता निठारवाल महिला अधिकारिता विभाग से नीलम चौधरी उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई 17 सितम्बर को

**पाटन** (निसं)। सीकर सांसद कॉ. अमराराम 17 सितम्बर (बुधवार) को नीमकाथाना पंचायत समिति कार्यालय में एक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करेंगे।माकपा सचिव एडवोकेट गोपाल सैनी ने बताया कि सुबह 11बजे से दोपहर 1 बजे तक पंचायत समिति कार्यालय,नीमकाथाना में जन सुनवाई करेंगे।इस जनसुनवाई में आमजन अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक, प्रशासनिक तथा क्षेत्रीय समस्याएं सीधे सांसद के समक्ष रख सकेंगे। यह जन संवाद जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और उनके समाधान हेतु एक मजबूत मंच सिद्ध होगा।क्षेत्र के सभी नागरिकों, युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और व्यापारी वर्ग से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और अपनी आवाज को मजबूती से रखें। आपकी भागीदारी ही बदलाव की असली ताकत है।

### स्काउट एवं गाइड का अधिवेशन आज

**पाटन** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ पाटन का 14वां वार्षिक अधिवेशन आज सोमवार को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है। यह गरिमामय आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम), रायपुर पाटन के प्रांगण में प्रातः 9:30 बजे प्रारंभ होगा।इस अवसर पर स्काउट-गाइड आंदोलन से जुडे पदाधिकारी, शिक्षकगण, स्वयंसेवक एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति अपेक्षित है। अधिवेशन में विगत वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा, आगामी कार्ययोजनाओं का निर्धारण, एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पुरस्कार वितरण तथा प्रेरणादायक संबोधन भी सम्मिलित रहेंगे। यह अधिवेशन न केवल संगठन की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना को जागृत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

### स्थापना दिवस मनाया

**सादुलपुर,** (निसं)। इंसानियत व्यायाम समूह का 14 सितम्बर 2025 रविवार को पहला स्थापना दिवस मनाया गया। दोपहर तीन बजे मिली जानकारी में समूह के कोच अजय कुमार बौद्ध ने बताया कि लोगों में स्वास्थ्य, मानवता, शिक्षा, रक्तदान, एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढाने के लिए पिछले साल 14 सितम्बर को इसकी शुरुआत की गई। समूह के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप गजेंद्र सिंह बौद्ध व्याख्याता रसायन ने बताया कि योग के माध्यम से हम अपनी मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास संतुलित बना रहता है और हम शरीर में होने वाली अनचाही बीमारी से बच सकते है। इंसानियत व्यायाम समूह रक्तदान, पर्यावरण एवं मानवता के क्षेत्र मे अपनी अहम भूमिका निभाता आ रहा है। इस समूह के माध्यम से इमरान खींची एवं बासित अली लगभग 20 किलो वजन कम किया है और अन्य साथियों ने भी अपना वजन कम किया है। इस मौके पर इदरीश बेग, यूनुस मुगल, शरीफ शेख, यूनुस खत्री, जावेद झाडीवाला, शरीफ शेख, जावेद खत्री, शेरू, रफीक व नीकु आदि उपस्थित रहे।

### राधा कृष्ण गौशाला में कलश यात्रा आज

**उदयपुरवाटी** (निसं)। निकटवर्ती गांव गिरावडी में श्री राधा कृष्ण गौशाला में सोमवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथाज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के राजेंद्र रिणवा ने बताया कि महंत पूर्णानंद के सानिध्य में सोमवार सुबह 11:15 बजे रघुनाथ जी मंदिर गिरावडी से श्री राधा कृष्ण गौशाला कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी।श्री राधा कृष्ण गौशाला में गायों के लिए प्रतिवर्ष श्रीमद् भागवत कथाज्ञान यज्ञ का आयोजन करवाया जाता है। महंत पूर्णानंद ने बताया कि आचार्य पवन पाठक द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। कथा का समय हर दिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। कार्यक्रम का समापन 21 सितंबर को होगा। कथा के समापन पर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# 'प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल की भावना का विकास कर प्रतिभाओं को मंच देना'

**चूरू** (निसं)। स्थानीय दी वॉरियर शूटिंग एकेडमी में चार दिवसीय जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को समारोह पूर्वक हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम महाविद्यालय के प्रबंधक ईश्वर सिंह राठौड़ ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारम्भ किया।

प्रतियोगिता के शुभारम्भ से पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय

■ 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



चूरू में स्थानीय दी वॉरियर शूटिंग एकेडमी में जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। ज्ञात रहे कि यह 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता युवा एवं खेल मंत्रालय भारत-सरकार की ओर से आयोजित की जा रही है। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (खेल) रामूराम बुंदेला ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल, 10 मीटर एयर पिस्टल व 10 मीटर ओपन साइट राइफल की स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता आर्य पब्लिक स्कूल चूरू की देखरेख में आयोजित की जा रही है।

प्रतियोगिता का संचालन कन्हैयालाल प्रजापत के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कोच पूर्ण सिंह, कोच प्रदीप सिंह, पीटीआई सुलोचना व भंवरी देवी खिलाडियों को प्रशिक्षण देकर प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस अवसर पर गुरप्रीत गिल, करतार पूनिया, संदीप कुल्हरि व नरेश झाझड़िया मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राठौड़ ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल की भावना का विकास करना, नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना व जिले में शूटिंग खेल को नई दिशा प्रदान करना है। प्रतियोगिता का समापन 17 सितम्बर 2025 को होगा। इस अवसर पर बडी संख्या में खिलाड़ी, गणमान्यजन, खेलप्रेमी व अभिभावक उपस्थित थे।

# राजफैड प्रबंध निदेशक ने हनुमानगढ़ का दौरा किया

■ मूंग फसल की गुणवत्ता पर चर्चा, समय पर एमएसपी खरीद का भरोसा दिलाया

**हनुमानगढ़,** (निसं)। राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (राजफैड) के प्रबंध निदेशक टीकमचंद बोहरा ने हनुमानगढ़ जिले का दौरा किया। उन्होंने सर्वप्रथम रावतसर क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड पहुंचकर स्वागत समारोह में भाग लिया, जहां उप रजिस्ट्रार अमीलाल सहारण, श्रीगंगानगर के क्षेत्रीय अधिकारी हरि सिंह शर्मा और रावतसर केवीएसएस की मुख्य व्यवस्थापक श्रीमती नीलम महिया ने उन्हें पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने मंडी समिति रावतसर में मूंग की आवक का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मूंग की फसल मानकों पर खरी नहीं उतरी। क्वालिटी मैनेजर ने जानकारी दी कि हाल ही में हुई बरसात से मूंग की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। इसके उपरांत श्री बोहरा ने हनुमानगढ़ जंक्शन मंडी का भी दौरा किया, जहां मूंग की गुणवत्ता और भी खराब पाई गई। स्थिति पर चर्चा के लिए उन्होंने उप रजिस्ट्रार कार्यालय में अधिकारियों से बैठक की। इसके बाद अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदी लाल मीणा की मौजूदगी में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता हुई। किसान प्रतिनिधियों ने गिरदावरी समय पर न होने और मूंग की कमजोर गुणवत्ता पर चिंता जताई।

प्रबंध निदेशक ने स्पष्ट किया कि पंजीयन के समय गिरदावरी रिपोर्ट अनिवार्य दस्तावेज है और बिना गिरदावरी के पंजीयन संभव नहीं है। बैठक में किसान प्रतिनिधियों ने भी स्वीकार किया कि मौजूदा मूंग की क्वालिटी कमजोर है। हालांकि उन्होंने यह उम्मीद जताई कि अक्टूबर में आने वाली फसल गुणवत्ता मानकों पर खरी उतरेगी। इस पर सभी ने सहमति जताई कि मूंग की खरीद अक्टूबर माह से शुरू की जानी चाहिए।

बोहरा ने भरोसा दिलाया कि जैसे ही केंद्र सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा, मूंग की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए कृषि विभाग से समय पर सूचना प्राप्त होते ही केंद्र सरकार को अवगत कराया जाएगा। बैठक में किसान नेता श्री रेशम सिंह मानुका, हनुमानगढ़ केवीएसएस अध्यक्ष प्रेम कुमार गोदारा एवं किसान प्रतिनिधि बलदेव सिंह पूर्व सरपंच भी उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा निकाली

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम ढाणी लालसिंह पुरा में 14 से 20 सितंबर तक होने वाली श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बालाजी मंदिर से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची। मुख्य यजमान चिमनाराम किरोडीवाल ने सपत्निक पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया।

कथा का वाचन रामगढ़ शेखावाटी के कथावाचक पंडित लालचंद पुरोहित अपनी मधुर वाणी से प्रतिदिन प्रातः 9 से 12 बजे तक और दोपहर 2 से 5 बजे तक करेंगे। पुरोहित ने बताया कि कथा 20 सितम्बर तक चलेगी और 21 सितम्बर को महायज्ञ के साथ कथा का समापन होगा। इस अवसर पर मोहनलाल सैनी, मुरारी लाल, महेश कुमार, आनंद सैनी, मनीष गोस्वामी, गोविंद, सुभाष किरोडीवाल सहित बडी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।



**चूरू के स्थानीय भास्कर भवन में प्रत्येक रविवार को चल रही निःशुल्क गीता क्लासेज में रविवार को बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि जिन नए बच्चों ने पांच श्लोकों का कंठस्थ अभ्यास कर लिया, उनको गीता प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व आचार्य महेश शर्मा व संजय सिंघानिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान स्वामी जी की आवाज में प्रार्थना के साथ पांच श्लोक, 12वां अध्याय, गजल गीत, जरूरी नियम और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का वाचन किया गया। इस अवसर पर मोहित सिंघानिया, माधुरी शर्मा, दिव्या शर्मा, सुहानी शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता व बच्चे उपस्थित थे।**

# श्री अमरचंद झुंझार जी महाराज की निशान पदयात्रा निकली

**सीकर** (निसं)। चाँदपोल गेट के बाहर, सुंदरिया धर्मशाला के पास, धोद रोड़ स्थित श्री बालाजी झुंझार जी शहीद श्री अमरचन्द धाम में वीर शहीद श्री अमरचंद झुझांर जी महाराज का 60 वें शहीद दिवस के तहत तीन दिवशीय कार्यक्रम चल रहे हैं।

धाम के सदस्य रामावतार कलावटिया ने बताया की धाम के महंत अनिल जी पारीक के सानिध्य में 14 सितम्बर रविवार को विशाल निशान पदयात्रा शाही लवाजमें व सजीव झांकियों के साथ दोपहर निशान पूजन कर रामलीला मैदान से रवाना होकर परसुराम पार्क,कल्याण मन्दिर, घण्टाघर, सूरजपोल, जाट बाजार, स्टेशन रोड, तापडिया बगीची (अहिंसा सर्किल),बजाज रोड, सालासर बस स्टैंड,चांदपोल गेट होती हुई सुंदरिया धर्मशाला के पास, धोद रोड़ स्थित शहीद श्री अमरचन्द झुंझार धाम पहुची यात्रा में हजारों की संख्या में निशानयात्री व पदयात्री शामिल हुये।

यात्रा का जगह जगह ड्रोन, क्रेन व कम्प्रेसर मशीनों से पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया शहर में अनेक जगह तोरण द्वार लगाये गए यात्रा में शेखावाटी के अनेक सन्त महात्माओ का सानिध्य प्राप्त हुवा यात्रा में पूरे भारतवर्ष के भक्तो ने भाग लिया । रात्रि में गोपीनाथ परिवार मण्डल व स्थानीय बाहरी पधारे मंडलो द्वारा भजन कीर्तन व देश भक्तिगीतो की प्रस्तुतिया हुई।

मुख्य कार्यक्रम आज 15 सितम्बर सोमवार को होगा झुंझार जी का मेला भरेगा। प्रातः काल से ही पूरे देशभर से भक्तो की भीड दर्शनार्थ उमडने लगेगी जो दिनभर चलेगी।

प्रातः 11,15 बजे धाम के महंत अनिल जी पुजारी के सानिध्य में ध्वजारोहण कर सलामी दी जाएगी देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रभक्ति गीतों की गूंज रहेगी राष्ट्र गान होंगा। इस अवसर पर धाम को विशेष व आकर्षक स्थानीय व विदेशी पुष्पो से देशभक्ति थीम पर सजाया जाएगा। सायंकाल 6,15 बजे छपन्न भोग व सवामणीयो का प्रसाद लगेगा ओर तत्पश्चाप महाभण्डारा शुरू हो जाएगा जिससे सभी भक्त पंगत प्रसादी ग्रहण करेंगे। रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन होगा।

### राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन के मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की रक्षक और संवाहक भी है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानूं ने बताया कि भाषा हमारे व्यक्तित्व की पहचान होती है। भाषा के माध्यम से ही अपनी पहचान और संस्कृति को संरक्षित रख सकते है। हिंदी विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस प्रभारी अंजू सैनी ने छात्राओं को राष्ट्रीय हिंदी दिवस-2025 पर हिंदी राष्ट्रीय एकता और वैश्विक पहचान की ताकत के विषय में बताया।

# 69वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**रतनगढ़** (निसं)। शहर के अशोक स्तंभ के पास स्थित बहुप्रतिष्ठित आर्या पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतनगढ़ के विशाल खेल मैदान में रविवार को 69वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता (17 वर्षीय छात्र वर्ग) सत्र 2025-26 का आगाज भव्य समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह ने उद्घाटन समारोह को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर चूरू अभिषेक सुराणा ने कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अध्यक्षता पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी (मा.शि.) सन्तोष कुमार महर्षि, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सन्तोष बाबू इन्दोरिया, मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी सन्दीप कुमार व्यास, समाजसेवी विनोद कुमार डागा और राहुल व्यास मौजूद रहे। उद्घाटन मैच अभिलाषा सांडवा विरुद्ध कातर छोटी के बीच हुआ मुकाबला बहुत ही रोमांचक था, जिसमें अभिलाषा सांडवा स्कूल विजय रही।

मुख्य अतिथि अभिषेक सुराणा ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना का विकास होता है। कबड्डी जैसा खेल न केवल शारीरिक मजबूती का प्रतीक है बल्कि मानसिक सतर्कता और रणनीति का भी परिचायक है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना को प्राथमिकता दें। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि रतनगढ़ की धरती खेल प्रतिभाओं की जननी रही है। यहां के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को आगे बढने का अवसर मिलता है।

आर्या विद्यालय परिवार के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक मार्च पास्ट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनका उपस्थित जनसमूह ने भरपूर आनंद लिया। खिलाड़ियों ने मैदान में उतरते ही उत्साह और जोश से माहौल रोमांचित कर दिया। दर्शकों की तालियों की गडगडाहट ने खिलाडियों का हौसला और बढाया। आर्या विद्यालय प्राचार्या अंबिका तिवाडी,उप प्राचार्या सुभानी महर्षि, सचिव डॉ अनुराग हारित निदेशक अंबिका प्रसाद हारित ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रतियोगिता के सफल आयोजन का विश्वास दिलाया।

इस अवसर पर रतनगढ़ उपखंड अधिकारी मिथलेश कुमार, अर्जुनसिंह,भागीरथ सिंह राठौड, पर्यवेक्षक नगेंद्र शर्मा, अशोक गौड, विनोद तिवाडी, विजयपाल, दिनेश शर्मा, मनोज सांकृत्य, चयन समिति अध्यक्ष सोमनाथ शर्मा,निलेश इंदौरिया, ऋषिराज सिंह,दशरथ सिंह राठौड, ऊषा स्वामी, रेखा पारीक, रवि इंदौरिया, कपिल हारित सहित समारोह में बडी संख्या में अभिभावक, गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रतियोगिता में जिलेभर से आई कबड्डी टीमें भाग ले रही हैं। आगामी दिनों में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिनमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र सिंह चारण ने किया।



जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

## सार-समाचार

### भगवान कृष्ण की गोवर्धन धारण की झांकी सजाई

**चिड़ावा** (निसं)। मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम का चरित्र हर युग में प्राणी मात्र के लिए आदर्श चरित्र है। जबकि भगवान श्री कृष्ण का चरित्र सबके मन मे चलने वाली अबाध प्रक्रिया है। भागवत मे जो कंस है वह हमारे मनके अंदर बैठा अभिमान है। ज़ब अभिमान रूपी कंस मन पर अधिकार कर लेता है तो उसके अनुचर काम क्रोध मद लोभ मान मोह मतसर अपने आप आ जाते है जिन्हे भागवत मे पूतना, कालिया, बकासुर, अघासूर आदि नाम से बताया गया है। उक्त आध्यात्मिक विवेचना वाणी भूषण पंडित प्रभुशरण तिवाडी ने शहर के पुराने पोस्ट ऑफिस के पास पितृ पक्ष के अवसर पर चल रहीं श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस कृष्ण की बाल लीलाओ का वर्णन करते हुए व्यक्त की। कथा मे पूतना वध, कालिया दहन, बकासुर, अघासूर आदि देत्य वध तथा गोयर्धन धारण की लीला का विस्तार से वर्णन किया गया। इस अवसर पर कथा मे कृष्ण बाल लीला तथा गोवर्धन धारण की सजीव झांकी सजाई गयी। कथा के दौरान सुन्दर भजनों की मनोहारी प्रस्तुति ने सभी को आनंदित किया। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान रामवतार शर्मा-कलावती देवी व परिवार के सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भागवत व व्यास पूजन किया। इस दौरान महेन्द्र शर्मा, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, अनिल शर्मा, वेद प्रकाश,सुशील कुमार, विनोद कुमार लाम्बीवाला, पंडित आदित्यनायण सुरोलिया मुकुंदगढ, विनोद खंडेलवाल, कमल मोदी, सुरेश खंडेलवाल, मोतीलाल लांबीवाला, सांवरमल गहलोत, रामवतार शर्मा श्योपुरा, कमल शर्मा, सांवरमल उदयपुरिया, सुनील शर्मा, राकेश शर्मा, शंकर लाल शर्मा, संजय शर्मा श्योपुरा, गोपाल लाठ, गोपाल चौहान सुलताना, विश्वनाथ ढाढौतिया, श्याम सुंदर साखुवाला, राजेश दायमा, रतनलाल गोयल, सुभाष धाबाई, सिद्धार्थ शर्मा, अजय शर्मा सहित बडी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे।

### शिविर में 133 लोगों ने रक्तदान किया

**रतनगढ़** (निसं)। श्री अग्रवाल सेवा समिति के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में अग्र वंदन 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को हुआ। अग्रसेन भवन में लगे शिविर का शुभारंभ अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम पांडूसरिया, महामंत्री श्याम खेमका, दीपक मुरारका, महावीर खेतान,ने फीता काटकर किया। शिविर में संतोकबा दुर्लभजी हॉस्पिटल जयपुर की टीम ने अपनी सेवाएं दी। सुबह 10 बजे शुरू हुआ शिविर शाम तीन बजे तक चला, जिसमें सर्व समाज के 133 लोगों ने अपने रक्त का दान किया। शिविर का अवलोकन करने आए पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, कांग्रेस नेता हेमंत सारस्वत ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से हम किसी का जीवन बचा सकते है। शिविर में अल्पसंख्यक सहित सर्व समाज के महिला-पुरूषों द्वारा रक्तदान करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस पुनीत कार्य में सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कांग्रेस नेता सारस्वत ने कहा कि अग्रसेन महाराज की जयंती के उपलक्ष में अग्रवाल सेवा समिति द्वारा इस तरह का पुनीत कार्य करना सराहनीय है। रक्तदान कर हम किसी को नया जीवन प्रदान करते हैं और समय-समय पर ऐसे आयोजन होने चाहिए, ताकि जरूरतमंद लोग लाभांवित हो सके।

### छापर के सुरेंद्र राणा बने सीआई

**चूरू** (निसं)। जिले के छापर के सुरेंद्र राणा विभागीय पदोन्नित प्राप्त कर सीआई बन गये हैं। सुरेन्द्र वर्तमान में गंगानगर के पदमपुर में बतौर थानाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि सुरेन्द्र ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बेहतरीन सेवाएं दी और गंगानगर के मुकलावा, करणपुर, गंगानगर, घड़साना, लालगढ, चूरू कोतवाली, रतननगर, राजलदेसर आदि थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सुरेन्द्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता गिरधारी लाल राणा, अपनी माता शारदा व परिवारजनों को दिया है। इस अवसर पर ललित चौहान, गणपतराम, हेमराज वर्मा, कौशिक वर्मा, हरिओम वर्मा, रितेश चौहान, महेश कत्थक, शायर सिंह, महावीर राणा, गजेन्द्र सिंह सहित अनेक लोगों ने राणा को शुभकामनाएं दी।

### चिकित्सा शिविर में 65 लोग लाभान्वित

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर आलोक गौड के सौजन्य से स्वर्गीय पिता आत्माराम गौड़ की पुण्य स्मृति में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन चावो दादी मंदिर में संपन्न हुआ। शिविर में 65 रोगियों का पंजीकरण हुआ। डॉ. एसएन शुक्ला एवं डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका ने अपनी सेवाएं प्रदान की। पंजीकृत रोगियों की जांच कर एक माह की निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. एसके भार्गव, नरेंद्र सिंह नरूका, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, बिहारीलाल सैनी, जयप्रकाश शर्मा, अनुपम शर्मा, आलोक गौड़, गायत्री देवी गौड़, सुनैना गौड़, मुबारक अली पहाडियान, रामगोपाल शर्मा, देवेंद्र कुमार गौड़, सुभाषचंद्र जोशी, सुमेरसिंह कर्णावत, सीताराम सैनी एवं काफी संख्या में वीर वीराएं एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### हिंदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम

**सीकर** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रसीदपुरा में प्रधानाचार्य राजेंद्र कृष्णियाँ की अध्यक्षता में हिंदी दिवस पर हिंदी लेखन प्रतियोगिता व हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों को प्रधानाचार्य कृष्णियाँ ने ज्ञानवर्धक पुस्तकें पुरस्कारस्वरूप प्रदान की। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त एडवोकेट भँवर सिंह ने बताया कि प्रधानाचार्य व शिक्षक मनोज मिश्रा ने हिंदी के इतिहास, विकास क्रम, वर्तमान संदर्भ में बढ़ती प्रासंगिकता पर विचार प्रकट किए।

### पुस्तक का विमोचन

**सादुलपुर,** (निसं)। साहित्य समिति राजगढ के तत्वावधान में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को एक गोष्ठी का आयोजन निराला अस्पताल में डॉ. रामकुमार घोटड की अध्यक्षता में हुआ। शाम साढे चार बजे दी जानकारी के अनुसार समिति के मन्त्री अनिल शास्त्री ने हिन्दी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वरचित कविता प्रस्तुत की। संतोष कुमार जांगिड व संजय सिहाग ने भी काव्य पाठ किया।